CAREERINDIA

**SET – 1**

**Series : SGN/C**

कोड नं.
**Code No. 57/1**

रोल नं.
**Roll No.**

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **26** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **8** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **26** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# जीव विज्ञान (सैद्धान्तिक)

# BIOLOGY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घंटे* | *अधिकतम अंक : 70*
*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*

www.careerindia

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *प्रश्न-पत्र में* ***पाँच*** *खण्डों में* ***26*** *प्रश्न दिए गए हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *खण्ड –* ***क*** *में प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***5*** *अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।*

*(iii)* *खण्ड –* ***ख*** *में प्रश्न संख्या* ***6*** *से* ***10*** *लघु-उत्तरीय प्रश्न प्रकार* ***I*** *के हैं, प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है ।*

*(iv)* *खण्ड –* ***ग*** *में प्रश्न संख्या* ***11*** *से* ***22*** *लघु-उत्तरीय प्रश्न प्रकार* ***II*** *के हैं, प्रत्येक प्रश्न 3 अंकों का है ।*

*(v)* *खण्ड –* ***घ*** *में प्रश्न संख्या* ***23*** *मूल्य आधारित प्रश्न 4 अंकों का है ।*

CAREERINDIA

(vi) *खण्ड – ङ में प्रश्न संख्या 24 से 26 दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का है ।*

(vii) *प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है, फिर भी 2 अंकों वाले **एक** प्रश्न में, 3 अंकों वाले **एक** प्रश्न में और 5 अंकों वाले सभी **तीनों** प्रश्नों में भीतरी चयन-विकल्प दिए गए हैं । प्रत्येक परीक्षार्थी को ऐसे प्रश्नों के **दो** विकल्पों में से कोई एक प्रश्न हल करना है ।*

***General Instructions :***

(i) *There are total **26** questions in **five** sections in the question paper. **All** questions are compulsory.*

(ii) *Section **A** contains questions number **1** to **5**, very short answer type questions of **one** mark each.*

(iii) *Section **B** contains questions number **6** to **10**, short answer type-**I** questions of **two** marks each.*

(iv) *Section **C** contains questions number **11** to **22**, short answer type-**II** questions of **three** marks each.*

(v) *Section **D** contains question number **23**, value based question of **four** marks.*

(vi) *Section **E** contains questions number **24** to **26**, long answer type questions of **five** marks each.*

(vii) *There is no overall choice in the question paper, however, an internal choice is provided in **one** question of **two** marks, **one** question of **three** marks and all the **three** questions of **five** marks. In these questions, an examinee is to attempt any **one** of the **two** given alternatives.*

## खण्ड – क
## SECTION – A

1. पुष्पी पादपों के लिए अनुन्मील्य परागण का एक लाभ तथा एक हानि लिखिए । **1**

   Write one advantage and one disadvantage of cleistogamy to flowering plants.

2. ऐसे एक एमीनो अम्ल का नाम लिखिए जिसका कूट लेखन केवल एक प्रकूट द्वारा होता है । **1**

   Name one amino acid, which is coded by only one codon.

3. ऐसे मानव का लिंग लिखिए जिसमें 22 अलिंग गुणसूत्र (क्रोमोसोम) के साथ xxy गुणसूत्र (क्रोमोसोम) होते हैं । उस विकार का नाम लिखिए जिससे यह मनुष्य पीड़ित है । **1**

   Write the sex of a human having XXY chromosomes with 22 pairs of autosomes. Name the disorder this human suffers from.

4. मनुष्यों में सहज प्रतिरक्षा प्रदान करने के लिए एक-केंद्रकाणु (मोनोसाइट्स) किस प्रकार कोशिकीय रोध (सेल्युलर बैरियर) उत्पन्न करते हैं ? **1**

   How do monocytes act as a cellular barrier in humans to provide innate immunity ?

5. जेल वैद्युत संचलन (इलेक्ट्रोफोरेसिस) के दौरान डी एन ए खंड एनोड की ओर क्यों जाते (आकर्षित होते) हैं ? **1**

   Why do DNA fragments move towards the anode during gel electrophoresis ?



www.careerindia.com

खण्ड – ख

## SECTION – B

6. (a) शैवाल एवं कवक जैसे जीवों में अलैंगिक जनन विधि से लैंगिक जनन विधि में विस्थापन क्यों हुआ ? **2**

   (b) जीवों में किशोर अवस्था क्या है ?


   (a) Why do organisms like algae and fungi shift from asexual mode of reproduction to sexual mode ?

   (b) What is a juvenile phase in organisms ?


7. "एक हीमोफीलिया ग्रस्त पिता हीमोफीलिया के जीन अपने पुत्र को कभी भी वंशागत नहीं कर सकता ।" व्याख्या कीजिए । **2**

   A hemophilic father can never pass the gene for hemophilia to his son. Explain.

8. पौधों के विभिन्न वर्गकों की अनुमानित संख्या के आधार पर नीचे दिए गए पाई चार्ट में जैव–विविधता को दर्शाया गया है । इसके नामांकित क्षेत्रों i, ii, iii एवं iv को पहचान कर लिखिए । **2**




Identify the areas labelled i, ii, iii and iv in the pie chart given below representing the biodiversity of plants showing their proportionate number of species of major taxa.






www.careerindia.com

CAREERINDIA

9. एक प्रतिरक्षी अणु की संरचना को $H_2L_2$ के रूप में क्यों दर्शाया जाता है ? मानव शरीर में बनने वाले किन्हीं दो प्रकार के प्रतिरक्षी अणुओं के नाम लिखिए। **2**

Why is the structure of an antibody molecule represented as $H_2L_2$ ? Name any two types of antibodies produced in a human body.

10. बहि: प्रजनन तथा बहि: संकरण में विभेद कीजिए। **2**

**अथवा**

स्पाइरुलाइना जैसे सूक्ष्मजीवों का वाणिज्यिक (व्यावसायिक) स्तर पर उत्पादन क्यों किया जा रहा है ? इसके दो लाभों का उल्लेख कीजिए।

Differentiate between out-crossing and cross breeding.

**OR**

Why are microbes like Spirulina being produced on a commercial scale ? Mention its two advantages.

## खण्ड – ग

## SECTION – C

11. यदि मक्का के पौधे के अर्धसूत्राणु (मायोसाइट) में 20–गुणसूत्र (क्रोमोसोम) होते हैं, तो मक्का के दाने के भ्रूणपोष तथा भ्रूण में पाए जाने वाले गुणसूत्रों की संख्या लिखिए। कारण सहित अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। **3**

If the meiocyte of a maize plant contains 20 chromosomes. Write the number of chromosomes in the endosperm and embryo of the maize grain and give reasons in support of your answer.

12. आपके विचार में क्या असंगजनन की तुलना अलैंगिक प्रजनन से की जा सकती है ? एक कारण की सहायता से अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। असंगजनन किसानों के लिए किस प्रकार लाभप्रद है ? व्याख्या कीजिए। **3**

Do you think apomixis can be compared with asexual reproduction ? Support your answer, giving one reason. How is apomixis beneficial to farmers ? Explain.

13. आर एन ए अणु की अपेक्षा डी एन ए अणु को एक अच्छा आनुवंशिक पदार्थ क्यों माना गया है ? **3**

Why is DNA molecule considered as a better hereditary material than RNA molecule ?

14. हार्डी–वेनबर्ग साम्यता (संतुलन) किस प्रकार प्रभावित हो सकता है ? तीन कारण देते हुए व्याख्या कीजिए। **3**

How can Hardy-Weinberg equilibrium be affected ? Explain giving three reasons.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

15. सुकेंद्रकी कोशिकाओं में पाए जाने वाले तीन प्रकार के आर एन ए पॉलीमरेज के नाम लिखकर उनके कार्यों का उल्लेख कीजिए । **3**

**अथवा**

सुकेन्द्रकी कोशिका में hn-आर एन ए के पश्च अनुलेखन रूपांतरण की व्याख्या कीजिए ।

Name the three RNA polymerases found in eukaryotic cells and mention their functions.

**OR**

Explain the post transcriptional modifications the hn-RNA undergoes in eukaryotic cell.

16. जैव पुष्टिकरण क्या है ? किन्हीं दो उदाहरणों की सहायता से इस क्षेत्र में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के योगदान का उल्लेख कीजिए । **3**

What is biofortification ? Mention the contribution of Indian Agricultural Research Institute towards it with the help of any two examples.

17. तीन सूक्ष्मजीवों की सूची नीचे दी गई है । प्रत्येक द्वारा उत्पादित एक-एक उत्पाद के नाम तथा उपयोग लिखिए । **3**

(a) ऐस्परजिलस नाइगर

(b) ट्राइकोडर्मा पॉलिस्पोरम

(c) मोनॉस्कस परप्यूरीअस

The three microbes are listed below. Name the product produced by each one of them and mention their use.

(a) Aspergillus niger

(b) Trichoderma polysporum

(c) Monascus purpureus

18. बैक्यूलोवायरेसिस जैव नियंत्रण कारकों के अच्छे उदाहरण हैं । तीन कारणों का उल्लेख करते हुए कथन का औचित्य बताइए । **3**

Baculoviruses are good example of biocontrol agents. Justify giving three reasons.

19. पॉलिमरेज शृंखला अभिक्रिया (पॉलिमरेज चेन रिएक्शन) में सम्मिलित तीन चरणों की व्याख्या कीजिए । **3**

Explain three steps involved in polymerase chain reaction.

20. (a) पारजीवी जंतु क्या हैं ? **3**

(b) वर्तमान में पाए जाने वाले सभी पारजीवी जंतुओं में से सर्वाधिक संख्या में पाए जाने वाले पारजीवी जंतु का नाम लिखिए ।

(c) उन तीन उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए जिनके लिए इन पारजीवी जंतुओं का उत्पादन किया जाता है ।

(a) What are transgenic animals ?

(b) Name the transgenic animal having the largest number amongst all the existing transgenic animals.

(c) Mention any three purposes for which these animals are produced.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

21. एली लिली नामक एक अमेरिकी कंपनी ने पुनर्योगज डी एन ए प्रौद्योगिकी द्वारा इंसुलिन का उत्पादन किस प्रकार किया ? **3**

Explain how Eli Lilly, an American company produced insulin by recombinant DNA technology.

22. जैव–विविधता के बाह्य स्थाने संरक्षण की व्याख्या कीजिए । स्वस्थाने (इनसिटू) संरक्षण इससे किस प्रकार भिन्न है ? **3**

Explain the 'Ex-situ conservation' of Biodiversity. How is the in-situ conservation different from it ?

## खण्ड – घ

## SECTION – D

23. एक राष्ट्रीय समाचार–पत्र में यह समाचार प्रकाशित हुआ कि एक महानगर का शहरी ठोस अपशिष्ट स्थल लगभग 50 मीटर ऊँचा सेनेटरी लैंडफिल अचानक ढह गया, जिससे उस क्षेत्र में भारी क्षति हुई । कुछ कारें, दो पहिया वाहन तथा मवेशी निकटवर्ती जलाप्लावित नहर में बह गए । एक छोटी लड़की सहित तीन लोग कचरे के ढेर से दब कर मर गए । **4**

(a) ऐसे कोई दो कारण लिखिए जो आपके विचार में इस लैंडफिल के ढहने का कारण बने ।

(b) नीतिगत ऐसे किन्हीं चार निरोधक उपायों का उल्लेख कीजिए जिनका पालन करके इस दुर्घटना को रोका जा सकता था ।

(c) भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कोई दो सुझाव लिखिए जो आप नागरिकों को देना चाहेंगे ।

A national newspaper reported that a 50 metre high 'Sanitary landfill', the dumping site of city's garbage in one of the metro-cities crashed and caused heavy damage and disaster in and around the area. A couple of cars, two-wheelers and cattle were swept away in the nearby overflowing canal. Three persons including a young girl were crushed under the garbage and died.

(a) Write any two points that in your opinion could have caused this landfill crash.

(b) Mention any four preventive measures to be adhered to as a policy which could have avoided this accident.

(c) Write any two suggestions that you would like to give to the citizens so as to help in preventing such a disaster in future.


www.careerindia.com

CAREERINDIA

## खण्ड – ङ

## SECTION – E

24. (a) निम्नलिखित ग्राफ पारिस्थितिक कारक के रूप में ताप के प्रति जीवों की अनुक्रिया को दर्शाता है : **5**




(i) दोनों में से कौन सी रेखा संरूपण को प्रदर्शित करती है और क्यों ?


(ii) ग्राफ में दूसरी (अन्य) रेखा क्या प्रदर्शित करती है और क्यों ?

(b) अपने जीवन चक्र को परपोषी में सफलतापूर्वक चलाने के लिए परजीवियों द्वारा विकसित विभिन्न अनुकूलनों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

एक सागर और एक वन के जैवमात्रा पिरैमिडों का आरेख बनाइए। कारण बताते हुए व्याख्या कीजिए कि दोनों पिरैमिडों में अंतर क्यों है ?

(a) The graph given below represents the organisms response to temperature as an environmental condition.




(i) Which one of the two lines represents conformers and why ?

(ii) What does the other line in the graph represent and why ?

(b) Mention the different adaptations the parasites have evolved with, to be able to successfully complete their life cycles in their hosts.

**OR**

Draw the pyramids of biomass in sea and in a forest. Explain giving reasons why are the two pyramids different ?

CAREERINDIA

25. (a) एक वयस्क स्त्री के जनन तंत्र का आरेखीय चित्र बनाइए तथा इसके निम्नलिखित भागों को नामांकित कीजिए : **5**

(i) अंडवाहिनी नलिका के विभिन्न भाग

(ii) गर्भाशय भित्ति की विभिन्न परतें

(b) मानव में अंडाणु के निषेचन की परिघटनाओं की व्याख्या कीजिए ।

**अथवा**

(a) किसी एक आवृतबीजी के एक परागकोश की अनुप्रस्थ-काट का आरेखी चित्र बनाइए । इसकी भित्ति की विभिन्न परतों एवं लघु बीजाणु मातृकोशिका जनक उत्तक को नामांकित कीजिए ।

(b) लघुबीजाणुजनन प्रक्रिया का लघुबीजाणु बनने तक की परिघटनाओं का वर्णन कीजिए ।

(c) आवृतबीजी के परागकण में 'जनन छिद्र' के प्रकार्य लिखिए ।

(a) Draw a diagram of the adult human female reproductive system and label the different :

(i) parts of fallopian tube

(ii) layers of uterus wall

(b) Explain the events during fertilization of an ovum in humans.

**OR**

(a) Draw a diagrammatic sketch of a transverse section of an anther of an angiosperm. Label its different walls and the tissue forming microspore mother cells.

(b) Describe the process of microsporogenesis upto the formation of a microspore.

(c) Write the function of 'germ pore' in a pollen grain of an angiosperm.

26. (a) डी एन ए प्रतिक्रम प्रक्रम उसके पूर्ण लंबाई में एक साथ न होकर छोटे-छोटे प्रतिकृति द्विशाख द्वारा क्यों होता है ? **5**

(b) एक प्रतिकृति द्विशाख में डी एन ए प्रतिकृति प्रक्रम सतत् एवं असतत् क्यों होता है ?

(c) प्रतिकृति द्विशाख में प्रतिकृति के प्रारंभन के महत्त्व की व्याख्या कीजिए ।

**अथवा**

प्रचालेक (आपेरान) क्या है ? जब लैक प्रचालेक मुक्त अवस्था में होता है, उस अवस्था में इसकी कार्यविधि की व्याख्या कीजिए ।

(a) Why does DNA replication occur in small replication forks and not in its entire length ?

(b) Why is DNA replication continuous and discontinuous in a replication fork ?

(c) State the importance of origin of replication in a replication fork.

**OR**

What is an operon ? Explain the functioning of lac operon when in an open state.

www.careerindia.com